## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। कोटा के आर.के.पुरम में वैष्णव बैरागी समाज की एक महिला व उसकी नाबालिग बेटी की निर्मम हत्या के मामले में पूरे समाज में आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में वैष्णव बैरागी सेवा संस्थान रामगंजमंडी की ओर से रविवार दोपहर करीब 1 बजे उपखण्ड कार्यालय में नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान समाज के लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई के साथ पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता की मांग की है। ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस घटना ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर चिंता पैदा कर दी हैं। समाज की ओर से मांग की गई है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। साथ ही आरोपियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाऐं। समाज ने ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता व सुरक्षा मुहैय्या कराने की मांग भी रखी है। इसके साथ ही क्षेत्र में महिला सुरक्षा से जुड़े उपायों को और मजबूत करने का आग्रह किया गया है।

### सब जुनियर टेनिस प्रतियोगिता शुरू

**कोटा,** (निसं)। जिला टेनिस संघ के तत्वाधान में आयोजित जिलास्तरीय सब जूनियर टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ रिद्धि टेनिस अकैडमी श्रीनाथपुरम स्टेडियम में विधिवत किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आयोजन सचिव एवं अध्यक्ष नईमुद्दीन गुड्डू एवं अनिल आनंद उपस्थित थे। सचिव अनिल आनंद ने बताया यह प्रतियोगिता पांच अलग-अलग वर्गों में अंडर 8,12,14 एवं 16 बालक एवं बालिकाओं में आयोजित की जा रही है। जिसमें कुल 50 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल की शपथ दिला कर प्रारंभ किया। प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी 15 से 17 नवंबर जयपुर के जय क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोटा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय मैच रेफरी अमृतेश कुमार के अनुसार आज के परिणाम इस प्रकार हैं हर्षवर्धन बिरला ने सक्षम को 6-0 से, निवान ने आर्यन को 6-0 से, अंकेश ने पूरव को 6-2 से, वंश ने जय को 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आयु वर्ग 14 वर्ष बालक के परिणाम-निवान जैन ने अनिल को 6-0 से, पुष्कल ने जय को 6-4 से, आरव खंडेलवाल ने दुष्यंत को 6-0 से, वंश ने लकी को 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### कपिल सोनी अध्यक्ष निर्वाचित

**कोटा,** (निसं)। श्री स्वर्ण रजत कला उत्थान समिति, कोटा के द्विवार्षिक निर्वाचन रविवार को सम्पन्न हुए जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हुई। चुनाव निर्वाचन अधिकारी हेमंत शर्मा एवं लोकेश व्यास ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कपिल सोनी ने 61 मतों से विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर अनिकेत जैन निर्विरोध निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर जगदीश सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपमंत्री पद पर नरेश सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर महेंद्र अग्रवाल ने 68 मतों से विजय प्राप्त की। कार्यकारिणी सदस्य पद पर दिनेश भाटी एवं दीपक सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी का समाज एवं संस्था के सदस्यों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

### रमेश बने महासभा के जिलाध्यक्ष

**निवाई।** राजस्थान यादव अहीर महासभा के जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर यादव समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर चनानी सरपंच रमेशचन्द यादव मनोनीत किया गया। बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश यादव का समाज के प्रबुद्धजनों ने माला एवं साफा बंधवाकर सम्मनित किया।

# कला, शिल्प और संस्कृति का संगम, उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले का शुभारंभ

- पुष्कर के कलाकार की सेंड आर्ट ने मोहा मन, जिला कलक्टर ने चखी ऑर्गेनिक शहद, सराहा स्थानीय हुनर
- मेले का उद्घाटन जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा एवं नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रांतों से आए कारीगरों का हुनर और सेंड आर्ट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहें
- कारीगरों ने मौके पर ही जिला कलक्टर को एक लाख की चूड़ी बनाकर दिखाई। बड़ानयागांव के एक किसान द्वारा पत्थरों को तराश कर बनाई गई खूबसूरत मूर्तियों को देखकर वे प्रभावित हुए और मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया को जाना

**बूंदी।** राजस्थान की सांस्कृतिक नगरी बूंदी में बूंदी महोत्सव 2025 के कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को कुंभा स्टेडियम में उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा एवं नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रांतों से आए कारीगरों का हुनर और सेंड आर्ट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहें।

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने मेले में सजी स्टॉलों का बारीकी से अवलोकन किया और स्थानीय कारीगरों के हुनर की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने लाख की चूड़ियां बनाने के प्रदर्शन को सराहा और कारीगरों से इसे बनाने में प्रयुक्त सामग्री व प्रक्रिया की जानकारी ली। कारीगरों ने मौके पर ही जिला कलक्टर को एक लाख की चूड़ी बनाकर दिखाई। बड़ानयागांव के एक किसान द्वारा पत्थरों को तराश कर बनाई गई खूबसूरत मूर्तियों को देखकर वे प्रभावित हुए और मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया को जाना। ठीकरदा गांव से आए एक ग्रामीण द्वारा चाक पर बनाई जा रही मिट्टी की मटकियों का भी उन्होंने अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने मेले में प्रदर्शित ऑर्गेनिक शहद का रस्सास्वादन भी किया।

मेले का मुख्य आकर्षण पुष्कर से आए सेंड आर्टिस्ट का काम रहा। कलाकार ने रेत पर बूंदी की ऐतिहासिक धरोहरों और समसामयिक विषयों को खूबसूरती से उकेरा। कलाकार ने सुखमहल, चौरासी खम्भों की छतरी, हाथीपोल, हाड़ी रानी के त्याग, रामगढ़ सेंचुरी के टाइगर के साथ-साथ महाराणा प्रताप, वंदे मातरम 150 भारत के नक्शे को रेत पर जीवंत कर दिया।

दर्शकों ने भी इन कलाकृतियों की खूब सराहना की। जिला कलक्टर ने कला की सुरक्षा के लिए इसके चारों ओर बैरिकेडिंग करवाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन इस अद्भुत कला का सुरक्षित रूप से अवलोकन कर सकें।

इस बार मेले में विभिन्न राज्यों के व्यापारियों और स्वयं सहायता समूहों ने लगभग 200 दुकानें सजाई हैं। मेले में बूंदी जिले के लिए चयनित विशेष पंच गौरव उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया है। स्टॉलों पर गर्म ऊनी वस्त्र, लेडीज कुर्ते, लहंगे, सजावटी सामान, राजस्थानी जूतियां, अचार, पापड़, फर्नीचर और दैनिक उपयोग की विभिन्न वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध हैं इस शुभारंभ अवसर पर उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय भारद्वाज, पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी सहित कई अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहें।

## विशाल भंडारा कार्यक्रम आज

**देवली।** शहर के मुख्य बाजार स्थित छतरी चौराहे शिव मंदिर का नवीन जीर्णोद्धार होने के उपलक्ष पर सोमवार 10 नवंबर को अन्नकूट भंडारा का भव्य आयोजन होगा। शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रेमचंद माली ने जानकारी में बताया कि हाल ही में शिव मंदिर का जीर्णोद्धार नगर पालिका देवली के आर्थिक सहयोग से किया गया है। इसके तहत पहला अन्नकूट आयोजन सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छतरी चौराहे स्थित मंदिर पर अन्नकूट भंडारे का यह आयोजन पहली मर्तबा किया जा रहा है। प्रेमचंद माली ने यह भी बताया कि यहां छतरी चौराहा स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर मंडल के तत्वावधान में सभी जन के सहयोग यह कार्यक्रम किया जा रहा है।

# जैन मंदिर में प्रज्ञासागर मुनिराज संघ का महा पड़गाहन समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर विस्तार योजना स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को तपोभूमि प्रणेता, व्याख्यान वाचस्पति, आचार्य प्रज्ञासागर मुनिराज ससंघ का भव्य महा पड़गाहन समारोह आयोजित किया गया। प्रथम बार आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन में 101 दंपतियों ने नवधा भक्तिपूर्वक गुरुदेव का पड़गाहन कर असीम पुण्य का संचय किया। अध्यक्ष पवन ठौला, महामंत्री पारस लुंग्या ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ जल, चंदन, पुष्प, अक्षत, दीप एवं सम्पूर्ण अर्घ सहित जयमाला अर्घ से गुरुदेव के पूजन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन श्रावकश्रेष्ठी परिवार राजेन्द्र-आशा सेठी, निर्मलद्रमधुबाला, अनुराग सेठी सहित समस्त सेठी परिवार ने किया।

शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्रावकश्रेष्ठी त्रिलोक-आशा-अंकुश-दीपिका नगेदा परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आचार्य प्रज्ञासागर मुनिराज के मंगल प्रवचन एल.बी.एस. कॉलेज, महावीर नगर विस्तार योजना में संपन्न हुए। महावीर नगर महिला मंडल ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। मंच संचालन नवीन जैन दौराया, अनुषा एवं शुभम सेठिया ने किया। अपने प्रवचन में आचार्य प्रज्ञासागर मुनिराज ने कहा कि जैन धर्म भाव प्रधान धर्म है। शरीर से किया गया कार्य नहीं, बल्कि उसे किस भाव से किया गया यह अधिक महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैसे कोई व्यक्ति आत्महत्या के इरादे से जहर ले तो दोषी ठहराया जाता है, परंतु यदि कोई अनजाने में खा ले तो उसे दंड नहीं मिलता उसी प्रकार ज्ञात और अज्ञात कर्मों में फल का अंतर होता है। आचार्य ने कहा कि ''हमारे कार्यों की विशुद्धता ही हमारे परिणामों की पवित्रता तय करती है। अतः मन में 'नो पार्किंग' का बोर्ड लगाइए, ताकि वहाँ क्रोध, मान, माया और अहंकार की गाड़ियाँ खड़ी न हों। यह स्थान क्षमा, सत्य और सद्गुणों के लिए आरक्षित रहना चाहिऐं।''

# 'अनुभव कोटा' का मिलन समारोह संपन्न

- चातुर्मास पुण्यार्जक व तपस्वियों का हुआ सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**कोटा,** (निसं)। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'अनुभव कोटा' का दीपावली मिलन समारोह रविवार को जैन जनोपयोगी भवन में आयोजित किया गया। समारोह में 60 वर्ष से अधिक आयु के 95 दम्पति सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष फेडरेशन सुरेश चांदवाड़, राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन, सकल समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज, महामंत्री पदम बडला, ग्रुप सचिव एस.के.दोसी, उपाध्यक्ष पी. सी. गोधा एवं कोषाध्यक्ष सुरेश जैन ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.सी.गोधा एवं सुरेश जैन ने बताया कि समारोह में चातुर्मास पुण्यार्जक, त्यागी और तपस्वी महानुभावों को सम्मानित किया गया। साथ ही भक्तामर स्तोत्र के 26वें काव्यपाठ का मंचन भी किया गया। चातुर्मास प्रमुख कलशधारी महावीरद्गराजकुमारी अजमेरा, जे.के.जैन-पुष्पा जैन तथा पर्युषण पर्व पर 10 उपवास करने वाली राजकुमारी एवं सुशीला जैन सहित अन्य कलशधारकों, निर्वाण लड्डू, ध्वजारोहणकर्ता, शांतिधारा, अखंड जाप एवं शिविर पुण्यार्जकों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश चांदवाड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रुप सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहा है। यह संस्था केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद हर व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने का कार्य वर्षों से कर रही हैं। राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के.जैन ने अपने संबोधन में समाज की ज्वलंत समस्या कृ उचित आयु में विवाह-पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि फेडरेशन द्वारा समाज की बेटे-बेटियों के हित में 25 जनवरी 2026 को इंदौर में अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फेडरेशन 350 ग्रुपों, 35 हजार सदस्यों एवं 5 विदेशी चैप्टरों के माध्यम से समाज और धर्म की सेवा कर रहा है। सकल समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज और महामंत्री पदम बड़ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन धर्म की पताका ऊँची रखने सहित, जनसेवा में ग्रुप विकलांगों के लिए शिविर, विधवा पेंशन, जरूरतमंदों को कंबल एवं वस्त्र वितरण सहित धार्मिक यात्राओं जैसे अनेक सेवा कार्य करता आ रहा है, जो अन्य ग्रुपों के लिए मिसाल है। कार्यक्रम का संचालन अशोक जोरा ने किया। दीपावली स्नेह मिलन में धर्मचंद काला, एस के दोसी, विमल वर्धमान, पारस सोगानी, पवन सेठी, महेन्द्र जैन, राजमल पाटौदी, देवेन्द्र टोंग्या, शरद पाटनी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# अंता विधानसभा के निर्दलिय प्रत्याशी नरेश मीणा की आमसभा आयोजित

**मांगरोल ।** अंता विधानसभा के उपचुनाव के निर्दलिय प्रत्याशी नरेश मीणा की विशाल आम सभा कृषि उपज मंडी माँगरोल में आयोजित की गई, आम सभा में ईस्टार प्रचारख राजस्थान लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल राज्य सभा सांसद, आप पार्टी के सांसद संजीव सिंह,समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल पनधान, मध्य प्रदेश चिचोडा विधाय मीणा,डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद शफी ,राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अशफाक हुसैन, प्रदेश महासचिव नदीम अख्तर, पूर्व एसडब्ल्यूसी सदस्य हाजी सलाम, जिला अध्यक्ष बारां अब्दुल अजीज और , भारतीय ट्राइबल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ वेला राम गोगरा, डॉ दशरथ सिंह हनुनिया अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया, डॉ गर्जेंद्र सिंह हेडा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान डेमोक्रेटिक फ्रंट, अंता, जिला बारां, राजस्थान में हो रहे अंता मांगरोल विधान सभा के उप चुनाव के संयुक्त सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री राजेश सिंह ओडा अन्य समाज के पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे।

हजारों की तादाद में भाषण सुनाने आए लोगों महिलाओं की सख्या रही, आमसभा में 25000 से ज्यादा लोग और महिलाएं सभा में मौजूद है बीजेपी और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर बोले आम पार्टी के सांसद व हनुमान बेनीवाल कहां की अबकी बार आप ढाई साल का राजा की सेवा करने के लिए नरेश मीणा को अपना एक वोट देखकर विजय बनाकर विधानसभा में भेजें जो किसानों की जो भी समस्या है व विधानसभा में उठाएगे , यहां तक की वाराणसी के शंकराचार्य द्वारा नरेश मीणा के समर्थन में प्रतिनिधि बनाकर भेजी डॉक्टर निकिता वह हरिओम पांडे ,जनता को संबोधित करते हुए नरेश मीणा कहा कि अंता विधानसभा की समस्या है उसे में तत्काल समाधान कराऊंगा वह गौ माता को विधानसभा में राजमाता का दरजा दिलाने की घोषना कराऊंगा यहां तक की कांग्रेस और बीजेपी एक थाली के चट्टे बट्टे हैं इसलिए इनको आप सबक सिखाने का समय आ गया है सभी समाज मिलकर इस बार अपना वोट डालकर विजय बनाएं।

वही सभा के दौरान अंता विधानसभा के लिए कृषि मंडी ऊपर से रोड शो के लिए हजारों की तादाद में रवाना हुए दौरे के दौरान हनुमान बेनीवाल , आम पार्टी के सांसद संजीव सिंह राजेंद्र सिंह आडा, रोड शो में रोड शो में 3500 गाड़ियों का काफिला सीसवाली में दूसरा छोर मांगरोल में रहा ,आमसभा में आए राजस्थान के आसपास के लोगो महिलाए इस विशाल रोड शो को देखकर भाजपा, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देखकर होस उड गये।

## अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम पनियाला में भीषण अग्निकाण्ड की वजह से अनेकों किसानों की हजारों मण कड़बी जलकर स्वाहा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पनियाला में रविवार को अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई एवं आग की लपेटे धीरे-धीर इतनी बढ़ गई कि आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे आग पर काबू पाना बेहद मुष्किल हो गया। निकटवर्ती केषवाना रीको एरिया एवं कोटपूतली से अलग-अलग दो दमकलों ने पहुंचकर कड़ी मषक्कत करते हुये आग पर काबू पाया।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आगाज़

**बूंदी।** मेरा युवा भारत केन्द्र, बूंदी के तत्वावधान में नेहरू युवा मंडल संस्थान, गोठड़ा द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद कॉलेज खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता में हिंडौली ब्लॉक के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी ईश्वर झंवर, अध्यक्षता महाविद्यालय निदेशक रवि खटाणा तथा विशिष्ट अतिथि हनुमान पाराशर एवं शारीरिक शिक्षक रमेश कारपेंटर रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष भगवान नाथ ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत-अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद् सदस्य झंवर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में अपार खेल प्रतिभा छिपी हुई है, जिसे ऐसे आयोजनों से सही मंच मिलता है। अध्यक्षता कर रहे खटाना ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करते हैं। विशिष्ट अतिथियों ने युवाओं को खेलों में निरंतर भागीदारी की प्रेरणा दी।

# राधा-माधव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ, निकाली भव्य कलशयात्रा

- भागवत कथा कलयुग के प्राणियों के पापों का हनन करने का एक उत्तम साधन
- 9 से 15 नवम्बर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा का भव्य आयोजन पं. रमेश जी भार्गव के श्रीमुख से होने जा रहा है।

**कोटा,** (निसं)। श्री राधा-माधव सेवा समिति, श्री राधा-माधव मंदिर रिद्धि सिद्धि नगर कुन्हाड़ी के प्रांगण में रविवार से भव्य संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा का आयोजन प्रारंभ हुआ।

मुख्य यजमान कौशल किशोर मंगल ने बताया कि 9 से 15 नवम्बर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा का भव्य आयोजन पं. रमेश जी भार्गव के श्रीमुख से होने जा रहा है। संगीतमय श्रीमद्भागवत का रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें पारम्परिक परवेश में महिला पुरुष नजर आए जो धार्मिक भजनों पर नाचते गाते चल रहे थे, कलश यात्रा राधा-कृष्ण मंदिर पंचवटी नगर कुन्हाड़ी से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्गों से होते हुए राधा माधव मंदिर रिद्धि-सिद्धि नगर पहुंची।

इस दौरान कलश यात्रा का मुख्य मार्गों पर भव्य स्वागत किया गया। व्यास पीठ पर छबड़ा से पधारे रमेश भृगुवंशी ने बताया कि भागवत कथा कलयुग के प्राणियों का पापों का हनन करने का एक उत्तम साधन है। भागवत की महिमा का बखान करते हुए भार्गव ने बताया कि भक्ति माता के दोनों पुत्रों को अपनी अवस्था में लाने के लिए नारद जी के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का हरिद्वार में संनकादिक मुनियों के द्वारा आयोजन करके उन दोनों को तृप्त किया, मध्य की कथा में गोकर्ण और धुंधकारी का उपाय, ज्ञान सुनाया गया। प्रत्येक प्राणी को अपने मन को वश में करने के लिए सत्कर्म का सहारा लेना पड़ता है, भागवत कथा के अंत में सुंदर भजनों का गायन किया गया, सभी भक्त कथा वाचन के दौरान गीतों पर झूम उठे। मंगल ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 12.00 से 4.00 बजे तक एवं नानी बाई का मायरा सायं 7.00 से 10.00 बजे तक होगा।

शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन 15 नवम्बर को रात्रि 8 बजे होगा, इस अवसर पर भव्य दरबार सजाया जाएगा, इत्र वर्षा होगी, छप्पन भोग लगाया जाएगा। 16 नवम्बर को ग्यारस उद्यापन, पूणार्हुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# माथुर वैश्य समाज के अन्नकूट में दिखा समरसता का संदेश

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिला वैश्य महासम्मेलन द्वारा 16 नवंबर को आयोजित वैश्य अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसी के तहत बनाई आयोजन समिति के सदस्य व पदाधिकारी समाज के अन्य अन्नकूट में पहुंचर सभी को वैश्य महासंगम में शामिल होने के लिए संकल्पबद्ध कर रहे हैं, उन्हें आदरपूर्वक आमंत्रित कर रहे हैं। जिला समन्वयक मुकेश विजय ने बताया कि रविवार को माथुर वैश्य समाज का अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष दिनेश विजय, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एके गुप्ता, अन्नकूट के उपसंयोजक प्रवीण गुप्ता केबीएस, जिला महामंत्री भुवनेश गुप्ता व जगदीश अग्रवाल चुने वाले का माल्यार्पण कर, दुपट्टा औढाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष दिनेश विजय ने कहा कि समाज के सभी घटकों को एकजुट कर एक मंच पर आने का आह्वान किया। इससे समस्याओं का समाधान भी शीघ्र होगा, अन्नकूट भी मिल-जुलकर रहने का ही संदेश देता है।

समरसता का संदेश ही समाज को नित नई ऊंचाईयों पर पहुंचाएगा। समय आ गया है कि हम सभी घटक रोटी के व्यवहार के साथ एक-दूसरे घरों में बेटी को देकर पारिवारिक जुड़ाव को स्थापित करने की बात पर बल दिया। अन्नकूट के माध्यम से एक साथ पारिवारिक माहौल में भजन-भोजन के संदेश की तरह ही एक साथ और वैश्य महासम्मेलन से देशभर में एकरूपता का संदेश दें।

## सार-समाचार

### सांभर में 2100 महिलाओं की कलश यात्रा बुधवार को

**सांभरझील।** सांभर में भू मलिक सुशील व मुकेश मालाकार द्वारा श्री श्याम मंदिर निर्माण के लिए करीब 50 लाख रुपए की दान की गई भूमि पर मंदिर निर्माण कार्य करीब करीब पूर्ण होने के बाद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। बुधवार को 2100 महिलाओं की निकलने वाली कलश यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य खास मेहमान होंगे, वही प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिवेणी धाम के संत श्री श्री 1008 श्री खोजी जी द्वाराचार्य श्री राम रिछपाल दास जी महाराज व नागदा (मध्यप्रदेश) स्थित महामंडलेश्वर महंत श्री श्री 1008 नारायणदास जी महा त्यागी का सानिध्य प्राप्त होगा। 16 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा सुबह 12:15 बजे देव पूजन एवं देव प्राण प्रतिष्ठा, दोपहर सवा दो बजे पूर्ण आहुति एवं महा आरती, दोपहर 3:00 बजे से महाप्रसादी तथा शाम को 5:15 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा सांभर के पंडित हेमंत व्यास के सानिध्य में करीब 20-25 पंडितों की ओर से आयोजन होगा। यज्ञ मंडप में करीब 51 हवन वेदी में 200 के करीब यजमान आहुतियां देंगे। कलश यात्रा के दौरान मुख्य आकर्षण रामलला, काली माता और बाहुबली की जीवंत झांकियां खास होगी। श्याम रंगीला परिवार के सक्रिय सदस्य पंकज सिंघानिया व अध्यक्ष पर कुमार बताते हैं कि कलश यात्रा के दौरान 100 किलो से अधिक पुष्पों की वर्षा से अभिनंदन किया जाएगा।

### पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ का पुलिस अधीक्षक बनने पर किया सम्मान

**कोटपूतली।** कस्बा स्थित एक निजी होटल में रविवार को पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ का पुलिस अधीक्षक बनने पर स्वागत सम्मान किया गया। उल्लेखनीय हैं कि राठौड़ आरपीएस सेवाओं से आईपीएस सेवाओं में पदौन्नत होकर पुलिस अधीक्षक बने हैं, जो पूर्व में कोटपूतली में एएसपी के पद पर अपनी सेवायें दे चुके हैं। इस मौके पर राठौड़ का माला व साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत अभिनंदन भी किया गया। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, एड. हेमंत सिंह शेखावत, हरिओम सिंह, सत्ताईसा राजपूत समाज संरक्षक हरिसिंह शेखावत, रामौतार सिंह शेखावत, नरपत सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राजवीर यादव, सीताराम शर्मा, सरपंच जगदीश यादव, रमेश हवलदार, राजेंद्र यादव, भरत सिंह, चरणजीत सिंह चौहान, रघुवीर सिंह खेलना, ओम सिंह पाथरेड़ी, महावीर सिंह, भीम सिंह, विजयपाल सिंह, रणजीत सिंह, शिम्भूदयाल गढ़वाल, महेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

### रेलवे रामलीला मैदान में लगेगी हाई मास्ट लाइट

**फुलेरा।** रेलवे रामलीला सांस्कृतिक समिति फुलेरा की मांग पर रामलीला मैदान में हाई मास्ट लाइट लगाने की स्वीकृति मिल गई है। मंडल रेल प्रबंधक जयपुर की ओर से आदेश जारी किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। गौरतलब है कि समिति के शिष्टमंडल जिसमें प्रेमचंद वर्मा, मनोज आहूजा, रामावतार स्वामी व शैलेंद्र शर्मा शामिल थे, उन्होंने विगत 23 सितंबर 2025 को जयपुर जाकर डीआरएम को रामलीला कार्यक्रम का आमंत्रण दिया था। इसी दौरान मैदान में हाई मास्ट लाइट लगाने का मांग पत्र भी सौंपा गया था। डीआरएम ने मांग को स्वीकार करते हुए प्रकाश व्यवस्था के लिए हाई मास्क लाइट की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके बाद रेलवे कॉलोनीवासियों, कर्मचारियों, रामलीला समिति तथा कलाकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। समिति ने कहा कि यह सुविधा रामलीला आयोजन सहित अन्य सांस्कृतिक व सामाजिक गतिविधियों में भी उपयोगी साबित होगी। समिति के मनोज आहूजा ने बताया कि समिति का प्रतिनिधी मण्डल शीघ्र ही जयपुर जाकर डीआरएम का औपचारिक अभिनंदन करेगी। रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए समिति पदाधिकारियों ने इसे फुलेरा के लिए गर्व का क्षण बताया।

### वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में की शिरकत

**अलवर ।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति द्वारा आयोजित 15 जोड़ों के चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत कर नव विवाहित जोडो को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति का सहारा बन रहे हैं, ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश की हर बेटी, हर महिला न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। इसके लिए सरकार ने उनके कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है, जिनका सीधा लाभ लाखों बालिकाओं और महिलाओं तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत युवती के विवाह के लिए 21 हजार से 51 हजार रुपए तक की सहायता दी जा रही है। उन्होंने अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन की सराहना की। इस दौरान अखिल राजस्थान जाटव महासभा समिति के अध्यक्ष कुंदन लाल जाटव, अशोक वर्मा, सरिता राज सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### 300 किलो घी से भरा टैंकर सीज

**भरतपुर ।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर टी शुभ मंगला के आदेश अनुसार एवं जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के निर्देशन में शादियों समारोह में दूध व दूध से बनी वस्तुएं एवं परचूनी के सामान व खाद्य तेल कीउपयोग करने की अधिकता बढ़ जाती है को देखते हुए रविवार को जय बजरंग डेरी गांव कुमहा, सेवर से मावा व घी का नमूना एवं उच्चौन रोड सेवर स्थित श्री राम डेरी एंड चिलिंग प्लांट के अंदर एक टैंकर खड़ा था जिसमें लगभग 300किलो घी भरा हुआ होना बताया जिसमें घी का नमूना लेकर उसको मौके पर ही मिलावट का शक होने पर टैंकर को सीज किया गया इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा व रूप सिंह एवं रोशन लाल यादव मौजूद रहे।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** दूनी स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत थाना प्रभारी ने जानकारी दी तथा उन्हाने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पुलिस टीमें लगातार स्कूलों का दौरा कर रही हैं। सड़क हादसे रोकने और सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए छात्र-छात्राओं को वास्तविक उदाहरणों के साथ समझाया जा रहा है। इस दौरान दूनी स्थित पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस ने छात्रों को यातायात नियमों, सुरक्षित यात्रा और साइबर सतर्कता की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। थाना प्रभारी तंवर ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल से दूरी, नशे से बचाव और सड़क पर सुरक्षित आचरण की महत्ता बताई। कांस्टेबल संदीप ने बालिकाओं को गरिमा पेटी, पुलिस शिकायत पेटी और टोल-फ्री नंबरों के प्रयोग की जानकारी दी। पुलिस ने छात्रों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों से बचने की हिदायत दी, डिजिटल ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए छात्रों को पासवर्ड सुरक्षा, अनजान लिंक से दूरी और ऑनलाइन सतर्कता के टिप्स दिए गए। सड़क सुरक्षा और पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े छात्रों के सवालों के जवाब थाना प्रभारी ने विस्तार से दिए। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का तिरंगा पट्टी से स्वागत किया।

### मंदिर से तांबे का कलश चोरी

**निवाई।** गांव ढाणी जुगलपुरा में स्थित बालाजी मंदिर के शिवालय में लगे तांबे के कलश को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। मंदिर के पुजारी पण्डित सुरेश शर्मा ने बताया कि वह शनिवार को आरती करके अपने घर आ गया था। सुबह वापस आरती करने गया तो शिवालय का तांबे का कलश गायब मिला। जिसपर पुजारी ने बालाजी सेवा समिति के पदाधिकारियों को मंदिर में कलशचोरी होने की सूचना दी। सूचना पर समिति के हनुमान गुर्जर, हरकेश, सुरज्ञान, हरिराम, रामसहाय व विक्रमसिंह गुर्जर मंदिर पंहुचे और कलश की तलाशी की लेकिन कलश नहीं मिला।